ठअ फर्द अहकाम

(नियम 26)

# न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

**प्रार्थी / अपीलांट** बनाम **अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट**

श्री काशीराम रावल
जाति रावल
निवासी रावल लेन पिण्डवाडा
जिला सिरोही।

सरकार जरिये लोक सूचना अधिकारी
अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही

किस्म मुकदमा– **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005**

मुकदमा नं. 45 वर्ष 2021

| दिनांक हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज | नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए |
|---|---|---|
| 17.05.2021 | अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्व सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक सूचना अधिकारी ए.डी.एम सिरोही को दिनॉक 12.01.2021 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि प्रार्थी को डिस्ट्रिक्ट मिनरल फण्ड ट्रस्ट की गर्वनिंग काउसिंल के अध्यक्ष एवं मनोनीत सदस्यों की प्रमाणित प्रति एवं इसके बॉयलोज की प्रमाणित प्रति से सम्बन्धित सूचना लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था। किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई है। उपरोक्त सूचना जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी सिरोही एवं खनिज विभाग सिरोही से सम्बन्धित होने से ए.डी.एम सिरोही द्वारा जरिये पत्र क्रमांक 44 दिनांक 15.01.2021 एवं पत्र क्रमांक 72 दिनांक 19.01.2021 को प्रकरण उक्त दोनों कार्यालय को स्थानान्तरित कर दिया।<br><br>मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है । अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी ए.डी.एम सिरोही को दिनॉक 12.01.2021 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि प्रार्थी को डिस्ट्रिक्ट मिनरल फण्ड ट्रस्ट की गर्वनिंग काउसिंल के अध्यक्ष एवं मनोनीत सदस्यों की प्रमाणित प्रति एवं इसके बॉयलोज की प्रमाणित प्रति से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करवाई जावे। चूंकि जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी सिरोही एवं खनिज विभाग सिरोही के प्रथम अपील अधिकारी जिला कलक्टर सिरोही नहीं है। अतः अपीलांट की अपील खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो ।<br><br>Signature Not Verified<br>Digitally signed by Bhagwati Prasad Kalal<br>Date: 2021.05.27 12:57:00 IST<br>Reason: SelfAttested<br><br>(भगवती प्रसाद)<br>जिला कलक्टर | |

Scanned with CamScanner